अदन की खाड़ी और लाल सागर

स्रोत: द हिंदू

चर्चा में क्यों?

भारत के रक्षा मंत्री ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और पूर्वी अफ्रीकी देशों से सटे समुद्री क्षेत्रों में समुद्री डकैती, आतंकवाद और क्षेत्रीय संघर्ष जैसे खतरों के बढ़ने की संभावना का संकेत दिया।

- इसके अतिरिक्त, **वर्ष 2024 को 'नौसेना नागरिक वर्ष'** के रूप में मनाया गया, जो नौसेना के कार्यबल का एक तिहाई हिस्सा हैं।

नोट: नौसेना के असैन्य कर्मियों में **बिना वर्दी वाले सैनिक** शामिल हैं, जो सैनिकों को महत्त्वपूर्ण शक्ति प्रदान करने के लिये **तकनीकी सहायता, प्रशासनिक प्रबंधन और लॉजिस्टिक सहायता** जैसी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अदन की खाड़ी और लाल सागर के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

अदन की खाड़ी:

- **परिचय:** यह हिंद महासागर **का एक विस्तार है,** जो उत्तर में **अरब प्रायद्वीप** और दक्षिण में **अफ्रीकी महाद्वीप** के बीच स्थित है।
- **अवस्थिति:** यह दक्षिण में **सोमालिया** और सोकोत्रा द्वीप समूह, उत्तर में **यमन,** पूर्व में **अरब सागर** और पश्चिम में **जिबूती** से घिरा हुआ है।
    - यह **गार्डाफुई चैनल** के माध्यम से **सोमाली सागर** से और बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से **लाल सागर** से जुड़ता है।
- **आर्थिक महत्त्व: वैश्विक समुद्री पेट्रोलियम का लगभग 10%** और **भारत का 110 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का व्यापार** अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है।

//

लाल सागर:

- **परिचय:** यह विश्व का **सबसे उत्तरी उष्णकटिबंधीय सागर** है और **रेड सी रिफ्ट** के नीचे स्थित है, जो इसे ग्रेट रिफ्ट वैली का हिस्सा बनाता है।
  - **लाल सागर** नाम की उत्पत्ति संभवतः **लाल रंग के साइनोबैक्टीरिया ([illegible])** जो ऋतुवार खिलता है से हुई है।
  - **रेड सी रिफ्ट, अफ्रीकी और अरब प्लेटों** के बीच एक अपसारी सीमा, पूर्वी अफ्रीका से मध्य पूर्व तक फैली **ग्रेट रिफ्ट वैली प्रणाली** का हिस्सा है।
- **अवस्थिति:** लाल सागर **अफ्रीका और एशिया** के बीच स्थित है और यह हिंद महासागर का एक **अर्द्ध-संलग्न विस्तार** है।
  - यह दक्षिण में **बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य** और **अदन की खाड़ी** के माध्यम से **हिंद महासागर और अरब सागर** से जुड़ता है।
  - उत्तर में, यह सिनाई प्रायद्वीप पर अकाबा की खाड़ी **और** स्वेज़ की खाड़ी में **विभाजित हो जाता है,** तथा स्वेज़ नहर **के माध्यम से** भूमध्य सागर से जुड़ जाता है।

- **सीमावर्ती देश:** लाल सागर की सीमा **छह देशों** से लगती है, अर्थात् पूर्व में **यमन और सऊदी अरब, तथा** पश्चिम में **मिस्र, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती ।**
    - अकाबा की खाड़ी की सीमा **मिस्र, इज़रायल, जॉर्डन और सऊदी अरब** से लगती है।
- **द्वीप:** प्रमुख द्वीपों में अकाबा की खाड़ी के पास **तिरान,** स्वेज़ की खाड़ी में **शादवान और यमन-नियंत्रित कामरान, पेरिम, हनीश और सोकोत्रा** शामिल हैं।
    - द्वीपों का सबसे बड़ा समूह पूर्व में **फरासन द्वीप समूह** और पश्चिम में **दहलाक द्वीपसमूह** है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न

??????????

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

सागर : सागर से लगा हुआ देश

1. ऐड्रिएटिक सागर : अल्बानिया
2. काला सागर : क्रोएशिया
3. कैस्पियन सागर : कज़ाकिस्तान
4. भूमध्य सागर : मोरक्को
5. लाल सागर : सीरिया

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 5
(d) 1,2, 3,4 और 5

उत्तर: (b)

प्रश्न. दक्षिण-पश्चिमी एशिया का निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश भूमध्यसागर तक नहीं फैला है? (2015)

(a) सीरिया
(b) जॉर्डन
(c) लेबनान
(d) इज़रायल

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gulf-of-aden-and-red-sea